कार्यालय–सचिव, औद्योगिक एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 मोहान रोड, लखनऊ

पत्र सं0– सी0 850 /परीक्षा–2020 दिनांक– 12. 06.2020

समस्त प्रधानाचार्य
समाज कल्याण विभाग उ0प्र0 द्वारा
मान्यता प्राप्त औद्योगिक एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थायें,उ0प्र0।

आप अवगत है कि, वार्षिक परीक्षा 2020 जिसकी परीक्षा से कार्यवाही वैश्विक महामारी कोविड 19 के कारण विलम्बित चल रही है। आनलाइन परीक्षा फार्म भराने अथवा परिषद कार्यालय से गतवर्षों की भांति परीक्षा फार्म वितरण करने में आने वाली व्यवहारिक कठिनाईयों के दृष्टिगत वार्षिक परीक्षा 2020 सम्पन्न कराने हेतु इस परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु पात्रता पूर्ण करनेवाले परीक्षार्थियों की सूची संलग्नक प्रारूप पर बनाकर, (संस्था के प्रधानाचार्य सूची के प्रत्येक पेज पर हस्ताक्षर एवं मुहर करते हुये) दिनांक–30.06.2020 तक पंजीकृत डाक के माध्यम से अनिवार्य रूप से परिषद कार्यालय (सचिव औद्योगिक एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 मोहान रोड लखनऊ राजकीय गोविन्द बल्लभ पन्त पाली0 मोहान रोड, लखनऊ कैम्पस पिन कोड–226017) के पते पर प्रेषित करें। सूची के साथ ही परीक्षार्थियों की परीक्षा शुल्क से सम्बन्धित ट्रेजरी चालान की मूलप्रति अवश्य संलग्न करें। परीक्षा शुल्क का विवरण संलग्नक प्रारूप पर अंकित है।

ट्रेजरी चालान की मूलप्रति सूची के साथ प्राप्त न होने की दशा में संस्था को अनुक्रमांक आवंटित नही किये जायेंगे जिसके लिये संस्था स्वयं उत्तरदायी होगी। दिनांक–07.07.2020 तक परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों के प्रवेश फार्मो की सत्यापित प्रति भी प्रेषित करना अनिवार्य होगा, जिन संस्थाओं द्वारा उक्त प्रवेश फार्म परिषद कार्यालय में उपलब्ध कराये जा चुके है उन्हे पुनः भेजने की आवश्यकता नही है। सूची में उल्लिखित परीक्षार्थियों के नाम/पिता का नाम जाति पता एवं परीक्षा में सम्मिलित किये जाने की पात्रता के सम्बन्ध में यदि कभी कोई विवाद किसी न्यायालय अथवा विभाग में उत्पन्न होता है तो सम्बन्धित संस्था ही उसके लिये उत्तरदायी होगी परिषद उसके लिये उत्तरदायी नही होगा। अनुक्रमांक आवंटित होने के पश्चात प्रवेश पत्र सम्बन्धित संस्था के प्रधानाचार्य द्वारा ही निर्गत किया जायेगा। उत्तर पुस्तिकायें, अनुक्रमांक की सूची एवं परीक्षा सम्बन्धी अन्य स्टेशनरी वितरित किये जाने की सूचना परिषद की वेबसाइट पर यथासमय अपलोड करा दी जायेगी।

अतः वेबसाइट का समय–समय पर अवलोकन अवश्य करते रहे।

संलग्नक–प्रारूप प्रपत्र–2

(पी0के0मिश्रा)
सचिव

पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक–उपरोक्तानुसार–

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

1. निदेशक, समाज कल्याण उ0प्र0 लखनऊ।
2. उपनिदेशक/योजनाधिकारी निदेशालय स0क0, उ0प्र0
3. सम्बन्धित जनपदों के जिला समाज कल्याण अधिकारी/जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास।
4. परीक्षा प्रभारी, औद्योगिक एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश मोहान रोड, लखनऊ।

सचिव

Scanned with CamScanner

औद्योगिक एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश मोहान रोड, लखनऊ।

प्रवेश पत्र–वार्षिक परीक्षा 2020

अनुक्रमांक–

परीक्षार्थी का फोटो जो संस्था के प्रधानाचार्य द्वारा सत्यापित होगा।

मुहर

परीक्षार्थी का नाम–
पिता का नाम–
संस्था का नाम–
कोर्स का नाम–
परीक्षा हेतु चयनित विषय–

1.
2.
3.
4.
5.
6.

Scanned with CamScanner

नोट–परीक्षार्थी एवं पिता का नाम अंग्रेजी के बड़े अक्षरो मे लिखा जायेगा।

वार्षिक परीक्षा वर्ष–2020

संस्था का नाम–
संस्था का कोड–

ट्रेड का नाम–

क्र0 सं0	परीक्षार्थी का नाम	पिता का नाम	उपजाति	S/C OBC, Gen	प्रशिक्षण अवधि	प्रवेश तिथि	जन्मतिथि	पता	अनुक्रमांक जो परिषद कार्यालय से निर्गत किया जायेगा

परीक्षा शुल्क का विवरण

अनुसूचित जाति/जनजाति के परीक्षार्थियों के लिये–50 रू0 प्रति परीक्षार्थी जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग के परीक्षार्थियों के लिये–100 रू0 प्रति परीक्षार्थी।
शुल्क जमा करने का लेखाशीर्षक–
0235–सामाजिक सुरक्षा और कल्याण
60–सामाजिक सुरक्षा और कल्याण कार्यक्रम
800–अन्य प्राप्तियां
01– सामाजिक कल्याण विभाग की प्रकीर्ण प्राप्तियां

नोट–सूची में उल्लिखित परीक्षार्थियों के नाम/पिता का नाम जाति पता एवं परीक्षा में सम्मिलित किये जाने की पात्रता के सम्बन्ध में यदि कभी कोई विवाद किसी न्यायालय अथवा विभाग में उत्पन्न होता है तो सम्बन्धित संस्था ही उसके लिये उत्तरदायी होगी परिषद उसके लिये उत्तरदायी नही होगा।

(पी0के0मिश्रा)
सचिव

Scanned with CamScanner